## सार-समाचार

### भोमियाजी घाटी में मिला युवक का शव

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के सूरसागर स्थित भोमियाजी घाटी में आज सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया। संदेह है कि वह रात में नशे की हालत में खान में गिरा है। उसके जेब से पव्वा और नमकीन का पाउच मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पहचान के लिए एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सूरसागर पुलिस ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि भोमियाजी घाटी क्षेत्र में एक युवक का शव पड़ा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची। मृतक के दाहिने हाथ पर जेबी-प्रियंका लिखा है। उसने काली टीशर्ट और जिंस पहन रखी है। जेब में एक पव्वा और नमकीन का पाउच मिला है। पुलिस को आशंका है कि वह रात में ही नशे की हालत में वहां गिरा होगा। वह क्लीन शेव है। गले में ताबीज डाला होने के साथ हिन्दू प्रतीत हुआ है। शव को पहचान के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### चंदनपुरी मठ के मकान में लगाया फंदा

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के सोजती गेट स्थित चंदनपुरी मठ के मकान में एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक हरियाणा का रहने वाला था। आज उसके परिजन के आने पर पुलिस ने शव को कार्रवाई कर सुपुर्द किया। उदयमंदिर थाने के एएसआई चैनाराम ने बताया कि हरियाणा के फतेहबाद रतिया लालवास निवासी 21 साल का रवि कुमार पुत्र बलदेव ओड यहां सोजती गेट स्थित चंदनपुरी मठ में बने एक कमरे में दुकानदार के साथ रहता था। यहां जोधपुर में ही छुटकर मजदूरी करता था। उसने मठ के कमरें में ही गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसके परिजन को सूचना दी गई। आज उनके आने पर अठिाम कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया गया। दुकानदार रातानाडा गणेशपुरा निवासी मनीष चावड़ा की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

### मारपीट कर रूपए छीने, तोड़फोड़ की

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के कीर्ति नगर चौराहा के पास में एक युवक के साथ मारपीट कर रूपए छीन लिए गए। उसकी बाइक और मोपेड को तोड़फोड़ कर डाला। पीड़ित ने इस बाबत माता का थान थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दी है।पुलिस ने बताया कि अशोक कॉलोनी, गली नंबर 2 निवासी बालकराम पुत्र मोटाराम भील ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि कीर्ति नगर चौराहा के पास में विशाल सरगरा, रोहित सरगरा और उसके पांच सात साथियों ने मिलकर उसकी बाइक और मोपेड को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। आरोपियों ने उससे रूपए भी छीन लिए। माता का थान पुलिस ने बताया कि नामजद के खिलाफ अब जांच आरंभ की गई है। आरोपी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।

### भूल से विषाक्त खाने से युवती की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । निकटतर्वी मथानिया के तिंवरी स्थित तेजसिंह नगर में एक युवती ने भूल से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडऩे पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया। मथानिया पुलिस ने बताया कि तिंवरी स्थित तेजसिंह नगर में रहने वाली 20 साल की तबस्सुम पुत्री मोहम्मद अनवर ने अपने घर में भूलवश विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। पिता ने मर्ग में रिपोर्ट दी। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### जैसलमेर दुर्ग के पास बाजार में मिला बम

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। विश्व विख्यात जैसलमेर दुर्ग के पास शिव रोड स्थित बाजार में बुधवार को जिंदा बम मिला। दुर्ग की परिधि से महज 20 फीट की दूरी पर बम मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर दुकानों को बंद करवा दिया गया। सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर आसपास का इलाका सील किया गया। पुलिस सी आई सवाईसिंह ने बताया कि भारतीय सेना और वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। वे बम की जांच कर रहे हैं। सेना का बम निरोधक दस्ता डिफ्यूज करेगा।

# शहर बनेगा सायला, जालोर में 25 करोड़ से सीवरेज कार्य

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया। बजट को लेकर जालोर जिले के जनप्रतिनिधियों ने मिली जुली प्रक्रिया व्यक्त की। इस बजट में जालोर-सांचौर जिलों को कोई खास सौगात नहीं मिली।

जालोर सांचोर में इस बार बजट में कुछ खास लाभदायक नही रहा। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि जालोर शहर में लम्बे से कुछ बची हुई कॉलोनियों में सिवरेज के लिए 25 करोड़ की सौगात मिली है। वही सायला को नगरपालिका का दर्जा व जालोर स्टोन कलस्टर यूनियन की ही घोषणा हुई है। इसके अलावा जालोर से झालावाड तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का कॉमन कार्य इनके हिस्से आया है। वही बाक्सिंग खेल एकेडमी, जवाई पुर्नभरण के लिए डीपीआर की घोषणा बायो टैंक टायलेट कॉम्पलेक्स में लगेगे। वहीं जालोर की प्रसिद्ध जूती को एक्स्पोर्ट करने के लिए योजना बनाई जायेगी। वही इस बार सरकार ने बड़े काम को देखे तो सायला ग्राम पंचायत को नगरपालिका बना दिया है। वहीं जालोर शहर में 25 करोड़ रूपए सीवरेज के लिए जारी किए हैं।

वही आहोर में इस बार कोई खास सौगात नहीं मिली। आहोर में क्रमोन्नत करने के अलावा कोई नई कोई घोषणा नही हुई। वही आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित लगातार दूसरी बार जीते हैं, पिछली बार कांग्रेस सरकार के दौरान भी कई कार्य हुए, लेकिन उसकी वाहवाही कांग्रेस सरकार ले गई। ऐसे इस बार सत्ताधारी विधायक होने के नाते छगनसिंह के सामने बडी चुनौती थी। इस कारण छगनसिंह ने प्रस्ताव भेजने की कमी नहीं रखी। इस बार छगनसिंह की मांग पर आहोर राजकीय कॉलेज को स्नातकोत्तर करवाने में सफल हुए हैं।

हरजी-पचानवा, पादरली-तखतगढ व कवराडा नदी पर पुल बनाने के लिए सरकार ने 19 करोड़ रूपए जारी किए हैं। इसी प्रकार बिठूडा-चांदराई तक 10 किलोमीटर सड़क के लिए 5 करोड़ रुपए जारी किए हैं। भूति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने व नोरवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा हुई है। भाद्राजून के लिए सहायक अभियंता डिस्कॉम कार्यालय की घोषणा हुई है। वही भीनमाल के लिए बजट इस बार निराशाजनक है। यहां वर्तमान में कांग्रेस से डॉ. समरजीतसिंह विधायक है, हालांकि विधानसभा के बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के सांसद प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी को भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक करीब 45 हजार से अधिक मतों की लीड दिलाई, लेकिन सरकार ने भीनमालवासियों की अनदेखी की। महज भीनमाल सीएचसी को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत की घोषणा की है, बाकी कई बड़े काम नजरअंदाज किये गए। वही रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र दो हिस्सों में बंट गया है, आधा जालोर जिले व आधा सांचौर में शामिल हो गया है। बजट में करडा (सांचौर) के लिए 132 केवी जीएसएस है, इससे किसानों को विद्युत लोड में होने वाली समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा रानीवाडा में मिल्क प्लांट प्रोसेसिंग का कार्य भी मिला है। इसके अलावा जसवंतपुरा- चितरोडी वाया सुंधामाता सड़क 25 किलोमीटर के लिए साढ़े बारह करोड़ रुपए मिले है। इसी प्रकार सांचौर-मंडार-रानीवाडा रोड पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए करीब 5 करोड़ रुपए जारी हुए हैं। वहीं जसवंतपुरा एकल आवासीय विद्यालय के सुदृढ़ीकरण के लिए भी बजट जारी हुआ है। सांचोर विधायक जीवाराम चौधरी ने बताया कि बजट में सांचोर को जिले की उपलब्ध होने वाली सभी सुविधाएं मुहैया होगी। इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस को मात देकर निर्दलीय जीवाराम चौधरी जीत गए थे, विधायक जीवाराम ने कई प्रस्ताव भेजे, लेकिन व्यक्तिगत रूप से सांचौर विधानसभा क्षेत्र के लिए सांचौर-सिद्धेश्वर-आमली रोड के लिए सा? 18 करोड़ रुपए मिले है, इसके अलावा नवगठित जिला मुख्यालय होने के कारण अस्पताल को जिला अस्पताल किया है। बाकी खास सौगात नहीं मिली।

जिले में ग्रेनाइट,कृषि एवं अनार उद्योग की विकास की योजनाएं आनी चाहिए थी, लेकिन जालोर को निराशा हाथ लगी। कई लोगों का कहना है कि सरकार को जालोर के लिए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा विभिन्न बजटों में घोषित स्वीकृत एवं शिलान्यास हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौर दुर्ग सडक निर्माण, जालौर बागरा फोरलेन सडक निर्माण, वीर वीरमदेव, कान्हडदेव देव पैनोरमा, विभिन्न सडकों एवं पेयजल योजना सहित अनेक विकास कार्य को जल्द पूरा कर जनता को सौगात प्रदान करनी चाहिए थी।

# कांग्रेसजनों ने बजट की आलोचना की

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को प्रस्तुत बजट को जालोर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने पूर्णतया निराशाजनक बताया है। तथा पुववती गहलोत सरकार की योजनाओ को फिर से लागू किया है।

जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पुर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि प्रस्तुत बजट पुर्णतया निराशाजनक है। जहां गहलोत सरकार के समय हर वर्ष बजट में जालोर जिले के लिए कई विकास कार्यो की घोषणा की जाती हो। अब पुरी तरह नदारद है। वित्त मंत्री ने युवाओं को रोजगार देन के लिए 4 लाख भर्तियो की घोषणा की है, लेकिन गहलोत सरकार के समय जारी की गई पूरी नौकरीया भी नही दे पायी है।

जालोर से झालावाड सडक की बात कही गई है जिसका कोई तुक समझ में नहीं आ रहा है। हमारी जालोर की तो डबल इजंन सरकार से कई वर्षो की मांग रही है कि रोहट से जालोर हुए सांचोर तक नेशनल हाइवे / मेगा हाइवे की घोषणा हो। मगर जालोर को निराशा हाथ लगी है इस बजट में चिरजीवी योजना व पुरानी पेंशन योजना का काई उल्लेख नहीं है। सरकार से हमारी मांग है कि जालार के लिए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा विभिन बजटो में घोषित, स्वीकृत एवं शिलान्यास हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालोर दुर्ग पर सडक निर्माण, जालोर - बागरा फोरलेन सडक निर्माण, वीर वीरमदेव - कान्हडदेव पैनोरमा, विभीन्न सडको एवं पेयजल योजनाओ सहित अनेक विकास कार्यो को जल्द पुरा कर जालोर की जनता की सौगात प्रदान करे।

रानीवाडा विधायक रतन देवासी ने बजट को निराशाजनक बताया साथ ही कहा कि गहलोत सरकार की पुर्ववर्ती योजनाओ को फिर से घौषित किया है। बजट दिशाहीन है।

आहोर विधानससभा कांग्रेस प्रत्याशी सवाराम पटेल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र, आहोर का विकास रुका , बजट में शिक्षा, चिकित्सा ,सडक,बिजली, पानी व कृषि के क्षेत्र में कुछ भी नहीं मिला। बीजेपी के जनप्रतिनिधि व संगठन के लोग बजट से पूर्व ऐसे नाच रहे थे जैसे हर गाँव में कॉलेज , हॉस्पिटल, बडी स्कूले खोल देंगे और अच्छी पेयजल व्यवस्था के साथ सैकडो किलोमीटर सडके बना देंगे। लेकिन कुछ मिला नही।

कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी ने बताया कि बजट निराशाजन है। युवाओ व महिलाओं के लिए बजट में सिर्फ थोथी घोषणा की है। बजट में आहोर को नजर अंदाज किया है।

जालोर शिवसेना जिला प्रमुख रुपराज पुरोहित ने बताया कि बजट निराशाजनक व दिशाहीन है। जालोरवासियो को बजट में कुछ ूलिा नही है। तथा जालोर की जीवनदायिनी जवाई नदी में पानी छोडने सहित किसानो के हितों के लिए कोई सौगात नही मिली है।

भीनमाल मे विधायक डॉ समरजीत सिंह ने कहा बजट में भीनमाल में बाईपास की घौषणा नही होने से लोगो में मायुसी है बजट मे भीनमाल के लिए कोई सौगात नही मिली है निराशाजनक व दिशाहीन है बजट मे भीनमाल को नजरअंदाज किया है

जालोर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भूटटो ने कहा कि बजट प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला है बजट निराशाजनक है बजट में पशुओं के लिए चार डिपो खोलना चाहिए था ताकि अकाल के समय पशुओ लिए सार्थक साबित होता।

## सार-समाचार

### बोराणा ने दिशाहीन बजट बताया

**जोधपुर**, (कासं) । राज्य की भाजपा सरकार के पहले पूर्ण बज़ट को बहुत ही अपरिपक्व व दिशाहीन बताते हुए पूर्व राज्यमंत्री व मेला प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश बोराणा ने कहा कि भाजपा ने अपनी प्रवृति अनुरूप अलंकृत भाषा, मुहावरों - नारों व लंबी लंबी डींगों से सज्जित बजट भाषण से लोगों को प्रभावित करने का नाकाम प्रयास किया है उन्होंने कहा कि वितमंत्री बात तो 2047 की करती रही लेकिन बजट में दृष्टि एक साल की भी लक्षित नहीं हो रही है बोराणा ने कहा बजट अधिकारियों द्वारा लिख कर दी गई गोल मोल रूटीन वित्त कथा ही लगता है बजट में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रारंभ की गई अनेक योजनाओं के मात्र नाम बदल कर यश लेने का प्रयास किया गया है, लेकिन शेष महत्वाकांक्षी योजनायें चालू रहेगी या नहीं, इस पर बजट में कोई खुलासा नहीं दिखता है नये ज़िलों व बोर्डो के गठन पर वित्तीय प्रावधान नज़र नहीं आया बोराणा ने कहा कि बजट में जोधपुर व पश्चिमी राजस्थान के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। संस्कृतिविद् बोराणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति की डींगे हांकने वाली भाजपा ने राज्य की कला संस्कृति का उपहास उड़ाया है बजट में विभिन्न अकादमियों व 20 से अधिक संस्थानों के लिए मात्र तीस करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा प्रदेश के लोक कलाकारों को साल में सौ दिन के गारंटीड रोज़गार व बाद्य यंत्र सहायता योजना हेतु सौ करोड़ रुपयों के प्रावधान का इस बजट कोई उल्लेख नहीं किया है, जो प्रदेश की कला संस्कृति के साथ अन्याय है बोराणा ने कहा कि प्रस्तावित बजट से किसी वर्ग व क्षेत्र का विकास संभव नहीं है

### मॉडल स्कूल में पौधारोपण किया

**रेवदर**, (निसं)रेवदर के समीपवर्ती स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल देरोल में विभागीय निर्देशानुसार सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय परिसर के सामने जन सहयोग से तारबंदी करवाकर उपखण्ड अधिकारी, रेवदर सुबोध सिंह चारण, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पुनम सिंह सोलंकी, प्रधानाचार्य केशर सिंह राव के द्वारा आज पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की गई। जिसमे आज 200 पौधे लगवाये गये। हर वर्ष कि भांति इस वर्ष पौधे लगवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण प्रभारी व्याख्याता शा.शि. श्री जय प्रकाश सांखला ने बताया प्रथम चरण में 600 पौधे विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के बाहर सडक के किनारे लगवाये जा रहें है। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी श्री छगन लाल माली, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार घांची, भामाशाह प्रकाशनाथ गोस्वामी, जोलपुर संरपच श्री गोकुल राम कोली एवं विद्यालय के शिक्षक एवं स्काउट छात्र-छात्राओं ने भी पौधारोपण किया।

### महिला ने लगाया फंदा

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के बाबा रामदेव कॉलोनी चौखा में रहने वाली एक महिला ने 12 जून को अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। घटना के समय मर्ग में रिपोर्ट दी गई थी। अब उसके पीहर पक्ष के लोगों ने उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने इस संबंध में अब पड़ताल आरंभ की है। थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि बाबा रामदेव कॉलोनी, चौखा में रहने वाली एक महिला ने गत 12 जून को अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। इस बारे में पूर्व में मर्ग दर्ज किया गया था। अब उसके भाई राजीव गांधी कॉलोनी पाललिंक रोड निवासी विक्रम पुत्र नैनाराम ओड ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल पक्ष के लोगों ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किया। महिला के पति शेरू, अर्जुन और पिता नरसिंह को नामजद किया गया है। घटना के संबंध में अब जांच की जा रही है। शादी को काफी साल हो रखे थे।

### सीनियर बैडमिंटन रैंकिग प्रति. आज से

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में 11 से 15 जुलाई तक राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन रैंकिग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जोधपुर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रवक्ता रमेश जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में पुरुष एकल व युगल, महिला एकल व युगल के साथ मिश्रित युगल वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

